# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## फरवरी 2022




नगर पालिक निगम भिलाई

# महापौर परिषद की पहली बैठक में भिलाई को एक नई पहचान दिलाने पर अहम निर्णय, भिलाई के लिए नए "लोगो"/"मोनो" का होगा सृजन

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के एमआईसी कक्ष में आज प्रातः 11:00 बजे महापौर परिषद के गठन के उपरांत महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता और आयुक्त प्रकाश सर्वे की उपस्थिति में महापौर परिषद की पहली बैठक हुई। पहला प्रस्ताव नगर निगम भिलाई के पहचान को परिलक्षित करने वाला रहा, जिसमें नए "लोगो"/"मोनो" के सृजन पर चर्चा हुई और इसे सर्वसम्मति से परिषद ने पारित किया। जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के तहत वर्तमान में जो नगर निगम भिलाई "लोगो" का उपयोग कर रहा है वह सन 1998 से पूर्व साडा कार्यकाल के दौरान का है। भिलाई निगम के लोगों से भिलाई की पहचान जुड़ी हुई है। इसलिए ऐसे नए थीम और कॉन्बिनेशन के साथ नए लोगों के सृजन की आवश्यकता जरूरी हो गई है। भिलाई निगम के "लोगो" को देखते ही किसी को भी यह समझ आ जाए कि निर्माण या सेवा कार्य के पीछे भिलाई निगम का हाथ है। आज महापौर की परिषद ने ऐतिहासिक निर्णय लेकर नए "लोगो" के सृजन की अनुशंसा सर्वसम्मति से की है। इसके अलावा महापौर परिषद की बैठक में कंप्यूटर ऑपरेटर उपलब्ध कराने का कार्य, 14 वें वित्त आयोग वार्ड 26 ब्लॉक 1 से 21 के पीछे आरटीआर टाइप बिल्डिंग के पीछे एवं वार्ड 27 में सीवरेज लाइन लगाने का कार्य, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जोन क्रमांक 1, 2, 3 एवं 4 स्थित एसएलआरएम सेंटर में पुनर्चक्रण किए जाने योग्य कचरे के पृथक्कीकरण एवं गीले कचरे से खाद तैयार करने, 77 एम.एल.डी. जल शुद्धीकरण संयंत्र में फिल्टर मीडिया बदलने का कार्य एवं नगर पालिक निगम भिलाई में विभिन्न क्षेत्रों में रिक्त व्यवसायिक/आवासीय/आवासीय सह व्यवसायिक भूखंडों के आबंटन की अनुमति के संबंध में महापौर परिषद की बैठक में चर्चा कर उचित निर्णय लिया गया।



# कार्यालयीन समय समाप्त होने के ठीक पहले आयुक्त प्रकाश सर्वे ने विभागों का किया औचक निरीक्षण, ड्यूटी से नदारद मिले 6 कर्मचारियों को थमाया नोटिस

भिलाई नगर/ निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने कार्यालयीन समय समाप्त होने के ठीक पहले आज सभी विभागों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए 6 कर्मचारियों को उन्होंने नोटिस थमाया है। औचक निरीक्षण में सर्वप्रथम स्टेनो कक्ष से उन्होंने शुरुआत की और उपायुक्त कक्ष, संपत्तिकर विभाग, टैक्स कलेक्शन काउंटर, राजस्व विभाग, जन्म मृत्यु एवं लोक सेवा गारंटी के कार्यो के लिए स्थापित काउंटर, भवन अनुज्ञा विभाग, अभियंता कक्ष, स्वास्थ्य विभाग, जन सूचना विभाग, सचिवालय, राजस्व विभाग, लेखा विभाग, कंप्यूटर शाखा, स्थापना विभाग, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन एवं भवन संधारण सहित तमाम विभागों का भी कर्मचारियों की उपस्थिति को लेकर निरीक्षण किए। इस दौरान राजस्व विभाग में पदस्थ अनिल सिंह, स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ नशरूनिशा, अधीक्षण अभियंता कार्यालय में पदस्थ ज्योति सिंह, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के मिशन मैनेजर शीबा रॉबर्ट, नलनी तनेजा, कंप्यूटर ऑपरेटर राहुल बोरकर अनुपस्थित पाए गये। जिन्हें आयुक्त ने नोटिस जारी किया है। आयुक्त ने सभी अधिकारी/कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि कार्यालयीन समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:30 बजे का अनिवार्य रूप से पालन करें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त ने छत्तीसगढ़ शासन से अधिसूचना जारी होते ही कार्यालयीन समय का पालन कराने औचक निरीक्षण कर रहे हैं और निर्धारित समय से अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई भी कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त सुनील अग्रहरि मौजूद रहे।





# अंग्रेजी माध्यम स्कूल का निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने किया निरीक्षण, मार्च माह तक कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त प्रकाश सर्वे ने आज अंग्रेजी माध्यम स्कूलों का निरीक्षण किया उन्होंने मार्च तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि निर्माण की तीव्रता के साथ ही गुणवत्ता का भी ध्यान रखें। उन्होंने पूरे कैंपस का निरीक्षण अधिकारियों के साथ किया। इस दौरान जोन आयुक्त मनीष गायकवाड, सहायक अभियंता सुनील दुबे एवं आलोक पसीने तथा उप अभियंता श्वेता महेश्वर मौजूद रहे। निगमायुक्त ने जोन कार्यालय में पहुंचकर उपस्थिति पंजी का भी निरीक्षण किया। फील्ड में कार्य करने वाले कर्मचारियों की वर्तमान स्थिति की भी जानकारी ली। वही खमरिया में लगभग 60 लाख की लागत से बाउंड्री वाल, प्रवेश द्वार, पार्किंग स्थल एवं अन्य कार्य किए जा रहे हैं। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने दोनों ही स्कूलों में निर्माणाधीन विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि टाइम डेडलाइन के अनुरूप कार्य को पूर्ण कराएं, जोन आयुक्त एवं संबंधित अभियंता इसकी मॉनिटरिंग नियमित रूप से स्वयं करें। मोबाइल मेडिकल यूनिट का निरीक्षण निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे जब भी फील्ड विजिट में निकलते हैं वह जरूर मोबाइल मेडिकल यूनिट के स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण करते हैं। आज उन्होंने कोहका मंगल बाजार में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया। आयुक्त ने दवाइयों की जानकारी ली और किस प्रकार के मरीज ज्यादातर शिविर में आ रहे हैं इसके बारे में चिकित्सकों से पूछा।





# वर्षों से मकान बनाने का सपना देख रहे लोगों को मिला भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भि-लाई क्षेत्र अंतर्गत अब मकान बनाने का सपना देख रहे लोगों के लिए इसकी राह आसान हो गई है। आज मॉडल टाउन वार्ड क्रमांक 3 के उत्कल उद्यान में जुनवानी, खमरिया, मॉडल टाउन, नेहरू नगर, कोसा नगर, कृष्णा नगर, इंदिरा नगर एवं लक्ष्मी नगर के 114 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मोर जमीन मोर मकान के तहत स्वीकृत पात्र लोगों को विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल एवं सभापति गिरवर बंटी साहू ने भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र एवं नक्शा प्रदान किया। आज इन 114 हितग्राहियों का सपना साकार करते हुए विधायक और महापौर ने इन्हें भवन अनुज्ञा वितरण कर सभी को मकान निर्माण कार्य प्रारंभ करने की बधाई और शुभकामना दी। इस अवसर पर मुकेश चंद्राकर विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने व हितग्राहियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए महापौर परिषद के सदस्य संदीप निरंकारी, स्थानीय पार्षद हरिओम तिवारी, पार्षद योगेश साहू इस आयोजन के प्रमुख भागीदार रहे। वहीं निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे के निर्देशन पर भवन अनुज्ञा विभाग की प्रभारी कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, प्रभारी सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता दीपक देवांगन ने विभागीय प्रक्रिया पूर्ण करने अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना का कार्य देख रही प्रभारी कार्यपालन अभियंता ने बताया कि अनुदान के तहत 1.5 लाख केंद्र की राशि, 0.79 लाख राज्य की राशि एवं 0.86 लाख हितग्राही अंशदान इस प्रकार कुल 3.15 लाख का एस्टीमेट मकान निर्माण के लिए तैयार होता है।



# सस्ती दवा की राह आसान, शहर को मिला पांचवा जेनेरिक मेडिकल स्टोर, महापौर नीरज पाल ने किया शुभारंभ

भिलाईनगर/ भिलाई निगम के महापौर नीरज पाल ने शहर को आज एक और सौगात दी है, लाल बहादूर शास्त्री अस्पताल सुपेला में उन्होंने श्री धनवंतरी मेडिकल स्टोर का आज शुभारंभ किया। इसी के साथ ही भिलाई शहर में अब पांच जेनेरिक मेडिकल स्टोर हो गये है। महापौर ने शुभारंभ करते ही मेडिकल स्टोर्स से सर्जिकल मास्क खरीदे और पैसे देकर पहले ग्राहक बन गये। शुभारंभ के अवसर पर निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे, सभापति गिरवर बंटी साहू, एसडीएम मुकेश रावटे, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट योगेंद्र वर्मा, अधीक्षण अभियंता बी.के. देवांगन प्रमुख रूप से मौजूद रहे। महापौर ने मेडिकल स्टोर्स का फीता काटकर शुभारंभ करने के पश्चात स्टोर्स का निरीक्षण किया और स्टोर्स के संचालको से दवाईयों के स्टॉक के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री सुपेला अस्पताल में बड़ी संख्या में नागरिक इलाज के लिए यहां आते है, सभी लोगों को मेडिकल से सस्ती दवा का लाभ मिलेगा। निगम क्षेत्र में आज शास्त्री अस्पताल सुपेला परिसर के प्रवेश द्वार के पास जेनेरिक मेडिकल स्टोर का शुभारंभ होने के बाद अब भिलाई निगम क्षेत्र में धनवंतरी योजना के तहत कुल पांच मेडिकल स्टोर हो गये है। अच्छी गुणवत्ता की सस्ती दवाइयों की मांग को देखते हुए तथा शहर में स्वास्थ्यगत योजनाओ को बढ़ावा देने के लिए एक और मेडिकल स्टोर का शुभारंभ महापौर ने किया है। शुभारंभ के अवसर पर मुकेश चंद्राकर, महापौर परिषद के सदस्य एकांश बंछोर, लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, लालचंद वर्मा, नेहा साहू, केशव चौबे, मालती ठाकुर, चंद्रशेखर गवई, जोन अध्यक्ष रामानंद मौर्या, संतोषनाथ सिंह जालंधर, पार्षद भोजराज सिन्हा सहित अन्य उपस्थित रहे।






# संजय नगर तालाब का महापौर नीरज पाल ने किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

भिलाई नगर/ संजय नगर तलाब का निरीक्षण महापौर नीरज पाल ने किया, निरीक्षण के दौरान स्थानीय पार्षद रवि शंकर कुर्रे एवं महापौर के निज सचिव वसीम खान भी मौजूद थे। जोन क्रमांक 1 क्षेत्र अंतर्गत वार्ड चार में आने वाले तथा शहर के हृदय स्थल कहे जाने वाले सुपेला के समीप संजय नगर तालाब के सौंदर्यीकरण करने के लिए गत वर्ष के जनवरी में प्रस्ताव तैयार किया गया था। जिसकी स्वीकृति लागत 46.42 लाख है। महापौर ने तालाब विकास के कार्य की प्रगति देखी। विभागीय अधिकारियों ने निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर संजय नगर सुपेला तालाब के सौंदर्यीकरण के कार्य के लिए जनवरी 2021 में कार्य आदेश जारी कर दिया था। संजय नगर तालाब को संवारने के काम में एजेंसी के द्वारा क्यों ढील ढाल किया जा रहा है, इसकी जानकारी महापौर ने अधिकारियों से ली। जबकि निगमायुक्त प्रकाश सर्वे ने गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर काम कराने के निर्देश अधिकारियों को दे चुके हैं। प्राक्कलन के आधार पर संजय नगर तालाब के आईलैंड में फव्वारा, घाट के किनारे पाथवे निर्माण, गार्डन सौंदर्यीकरण के कार्य, चारों ओर पेवर ब्लॉक और रैंप, सिंचाई के लिए बोर की व्यवस्था, पौधों को पानी देने के लिए पाइप लाइन, भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण, हाई मास्क लाइट, तालाब के चारों ओर एलईडी लाइट की रोशनी का कार्य तालाब के विकास के लिए शामिल किया गया था, परंतु काफी समय से काम में प्रगति नजर नहीं आ रही है। संजय नगर सुपेला तालाब शहर के प्रमुख तालाबों में से एक है। इसकी धीमी प्रगति को लेकर महापौर नाराजगी भी जाहिर कर चुके हैं, सौंदर्यीकरण कार्य के लिए 6 माह की अवधि एजेंसी को दी गई थी और इसका काम आजाद मार्केट रिसाली के एजेंसी रविंद्र प्रसाद भगत को दिया गया है।



## भिलाई निगम के लिए 10 मार्च तक भेज सकते हैं "लोगो"/"मोनो" की डिजाइन

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के नए "लोगो"/"मोनो के लिए प्रक्रिया जारी है। भिलाई निगम ने कॉम्पिटिशन में जागरूकता को देखते हुए तिथि को बढ़ाने का निर्णय लिया है अब 10 मार्च तक डिजाइन मेल आईडी में भेज सकेंगे, अब तक बहुत से अधिक डिजाइन निगम को प्राप्त हो चुके हैं। "लोगो"/"मोनो के संबंध में किसी भी प्रकार के सुझाव के लिए निगम के जनसंपर्क विभाग में व्यक्तितश: एवं डाक, तार के माध्यम से भी जनसंपर्क विभाग को प्रेषित कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि सन 1978 से अस्तित्व में आए विशेष क्षेत्र प्राधिकरण (साडा) के समय से प्रचलित "लोगों"/"मोनो" वर्ष 1998 में नगर पालिक निगम भिलाई के गठन के बाद भी भिलाई निगम के पहचान के रूप में उपयोग किया जा रहा है। इच्छुक प्रतिभागी 10 मार्च तक यानि कि आज से 11 दिनों के भीतर निगम के द्वारा अधिकृत ईमेल आईडी nigambhilai2022@gmail.com में "लोगों"/"मोनो" को प्रेषित कर सकते हैं। "लोगों"/"मोनो" का चयन ज्यूरी मेंबर करेंगे और इस पर अंतिम निर्णय से निगम को अवगत कराएंगे। इसके बाद आगे की विभागीय प्रक्रिया अपनाकर नए "लोगों"/"मोनो" का सृजन किया जाएगा। "लोगों"/"मोनो" से संबंधित महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश एवं नियम शर्ते तैयार की गई है जिसके मुताबिक प्रतिभागी को शामिल होना होगा।




नगर पालिक निगम भिलाई

## निगम प्रशासन ने 02 कर्मचारियों को दी स-सम्मान विदाई

भिलाई नगर । 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नगर पालिक निगम के 02 कर्मचारियों को ससम्मान विदाई दी गई। निगम प्रशासन की ओर से कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शॉल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना किए। इसके पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने भिलाई निगम में सेवाकाल के दौरान आई कठिन परिस्थितियों को बताते अपने अनुभव को साझा करते हुए सभी को एकजुट होकर कोरोना काल से निपटने के लिए प्रेरित किए। एमआईसी सदस्य चंद्रशेखर गंवई ने सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इन्होंने निगम प्रशासन को मजबूत स्तंभ करने में अपनी सेवाएं दी है। अधीक्षण अभियंता आर पी जोशी ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को कहा कि सेवानिवृत्त के बाद किसी भी जरूरत पर आप बेझिझक निगम परिवार से मदद ले सकते है, सेवानिवृत्त के बाद भी निगम परिवार का हिस्सा रहेंगे, विभिन्न उपलब्धियों में आप लोगों की भूमिका रही है।




**Editorial Board**

श्री प्रकाश कुमार सर्वे
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री पी.सी सार्वा
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई